# आईआईएम रांची में प्लेसमेंट रिकार्ड इस वर्ष बेहतर रहा

सिटी रिपोर्टर | रांची

भारतीय प्रबंध संस्थान, रांची (आईआईएम) ने अपने एमबीए और एमबीए एचआरएम कार्यक्रमों के सत्र 2017-19 के फाइनल प्लेसमेंट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस वर्ष कुल 244 स्टूडेंट्स में से 181 एमबीए और 63 एमबीए एचआरएम के थे। इस बार 100 से अधिक कंपनियों ने बिक्री और विपणन वित्त संचालन और सामान्य प्रबंधन सूचना प्रौद्योगिकी और विश्लेषिकीए रणनीति और परामर्श और मानव संसाधन प्रबंधन के कार्यात्मक क्षेत्रों में विविध भूमिकाएं प्रदान की है। एमबीए स्टूडेंट्स को दिया जानेवाला औसत वेतन 14.88 लाख प्रति वर्ष है। इस बैच के लिए सबसे अधिक अंतर्राष्ट्रीय वेतन 58.1 लाख प्रति वर्ष है। वही एमबीए एचआरएम बैच के लिए औसत वेतन 4.52 लाख प्रति वर्ष है। इस वर्ष में एक्सेंजर बर्जर पेंट्स, बॉश, कैपजेमिनी, कॉग्निजेंट, डीएस ग्रुप, इमामी, गेल, गूगल, आईसीआईसीआई, आईबीएम, एचपी, जेपी मॉर्गन चेस, एलएंडटी, ओएनजीसी, आरपीजी, सैमसंग आरएंडडी, सोनी, टाटा, स्टील, यस बैंक जैसे कई प्रमुख ब्रांड शामिल हुए। आनंद राठी, एंड यंग, फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियां आईं।

Dainik Bhaskar, 04.04.2019, Pg. 01